# सिंधिया स्कूल के 128वें फाउंडर डे की संगीतमय शुरुआत

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर13 अक्टूबर।** सिंधिया स्कूल फोर्ट का 128वां फाउंडर डे 13 अक्टूबर को शाम पांच बजे से मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ एंड सेक्रेटरी जनरल अनिल चौहान उपस्थित रहें। मुख्य

## सीडीएस चौहान के मुख्य आतिथ्य में समारोह, सिंधिया रहे मौजूद

अतिथि ने सबसे पहले केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ विभिन्न कक्षाओं के छात्रों द्वारा लगाई गई एग्जीबिशन का अवलोकन किया। इसके बाद स्कूल का ब्रास बैंड ने उनका जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत में सिंधिया स्कूल के छात्रों ने प्रार्थना गीत गाया, उसके



बाद छात्रों के एक ग्रुप ने संगीतमय प्रस्तुति दी। उसके बाद. मुख्य अतिथि सहित केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने दीप प्रज्वलन किया। इसके बाद प्रिंसिपल अजय सिंह ने एनुअल रिपोर्ट पढ़ी। बढ़ते हुए क्रम में विभिन्न हाउस को वार्षिक अवार्ड दिए गए। इसके पहले मुख्य अतिथि की स्पीच भी हुई।

**संगीतमय हुई शुरुआत :** कार्यक्रम की शुरुआत संगीतमय हुई। मंच से स्कूल के आरकेस्ट्रा ने जब प्रस्तुति दी तो छात्रों के बीच का तालमेल देखने को मिला। केन्द्रीय मंत्री सिंधिया और मुख्य अतिथि भी छात्रों की प्रस्तुती के दौरान मग्न नज़र आए। प्रस्तुती के अंत में उपस्थित लोंगों ने जमकर तालियाँ बजाई।

**पहले बनाया था ड्रोन अब प्लेन बनाकर छाए :** सिंधिया स्कूल के एक मेधावी छात्र का नाम



मेधांश त्रिवेदी ने पहले ड्रोन बनाकर देश-विदेश में सुर्खिया बटोरी थी अब इसी छात्र ने सिंगल व्यक्ति के लिए प्लेन बनाया हैं। छात्र का कहना हैं कि यह उसका क्रांतिकारी अविष्कार हैं जिसे उसने मात्र 4 लाख रुपए में बनाया हैं। यह प्लेन 20 किलोमीटर तक उडान भर सकता हैं। छात्र का कहना हैं कि सरकार अगर सहयोग करें तो यह लोकल परिवहन का साधन बन सकता हैं।

**आज भी होगा कार्यक्रम :** 14 अक्टूबर को सीनियर ओल्ड ब्वायज एसोसिएशन की एलुमिनी मीट होगी, जिसमें कई वर्षों के एलुमिनाई साथ समय बिताएंगे। इसी दिन शाम को कल्चरल नाइट भी होगी।

# पुलिस की दबिश से पहले भागे 12 संदिग्ध बांग्लादेशी

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 13 अक्टूबर।** ग्वालियर-मुरैना बॉर्डर पर पुरानी छावनी के बीलपुरा गांव में सालों से रह रहे 12 संदिग्ध बांग्लादेशी गायब हो गए हैं। ये पुलिस की निगरानी में थे। इनके दस्तावेज पुलिस ने जांच के लिए भेजे थे, लेकिन पुलिस को रिपोर्ट मिलती उससे पहले ही ये सभी गायब हो गए और इन्हें पनाह देने वाला अबरार खान भी लापता है। जब पुलिस बीलपुरा गांव पहुंची तो पता लगा कि ये डेढ़ दो महीने पहले ही यहां से गायब हो चुके हैं।

ये लोग पुरानी छावनी इलाके में रायरू डिस्टलरी के आसपास कचरा बीनने या अन्य मजदूरी का काम करते थे। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पुलिस ने जब पश्चिम बंगाल और बिहार से आए संदिग्ध लोगों का सर्वे शुरू किया था, तब 94 लोग चिह्नित किए गए थे। ये उनमें शामिल नहीं थे। इनके दस्तावेज संदिग्ध पाए जाने पर पुलिस ने



## ग्वालियर-मुरैना बॉर्डर पर बीलपुरा गांव में रह रहे थे

इनकी छानबीन की थी। फिलहाल भागे संदिग्धों में से कुछ की लोकेशन चेन्नई तो कुछ की कोलकाता में आ रही है।

ऑपरेशन सिंदूर के समय जब मध्यप्रदेश पुलिस का गोपनीय सर्वे शुरू हुआ और इनके दरवाजे पर पड़ताल के लिए पुलिस ने दस्तक दी, तो इन्हें पकड़े जाने का संदेह हुआ।पुलिस इनकी पड़ताल करती रह गई और ये लोग ग्वालियर से गुपचुप तरीके से भाग गए। कुछ लोग चेन्नई तो कुछ बंगाल भागे हैं। ये लोग बीलपुरा में खंडहर में रहते थे। ऑपरेशन सिंदूर के बाद करीब 3 माह पहले सर्वे शुरू हुआ था। इसी सर्वे के आधार पर बंगाल, बिहार, झारखंड से आए लोगों की सूची तैयार हुई थी। इसमें ग्वालियर के 94 लोग संदिग्ध चिह्नित किए गए थे, लेकिन इस सूची के अलावा भी 12 लोग चिह्नित हुए थे, जो पश्चिम बंगाल के रास्ते ग्वालियर के पुरानी छावनी स्थित बीलपुरा गांव में रह रहे थे।इनके पास से जो दस्तावेज मिले, वह संदिग्ध थे। इन्हें पुलिस ने जांच में लिया और पश्चिम बंगाल से इनको क्रॉस चेक किया जा रहा था, लेकिन उससे पहले ही यह सभी संदिग्ध लापता हो गए।

## गंदगी फैलाने वाले दुकानदारों एवं ठेले वालों से वसूला जुर्माना

**ग्वालियर 13 अक्टूबर ।** नगर निगम के स्वास्थ्य अमले द्वारा गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ निरंतर जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है।मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वैभव श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देशानुसार निगम अमले द्वारा निरंतर अभियान चलाया जाकर गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है।

# कोशिश रहेगी दीपावली तक पूरा वार्ड हो साफ सुथरा-पार्षद धर्मेंद्र वर्मा



नवभारत न्यूज

**ग्वालियर13 अक्टूबर।** वार्ड 17 के पार्षद धर्मेंद्र किरण वर्मा सफाई अपने वार्ड में सफाई पर पूरा ध्यान दे रहे है आज सुबह से कर्मचरियों के द्वारा झाडू हर गली में नाली की सफाई करवाई एक जगह कचरे का अंबार लगा हुआ था जेसीवी मशीन द्वारा कचरे को उठाया गया एवं डोर टू डोर कचरा कलेक्शन कराया गया व बर्फ कारखाने के सामने ट्रैक्टर ट्राली लगाकर भरवाया तानसेन रोड पर कई दिनों से पड़ा मालवा उठवाया गया एवं आरा में रोड नाले के ऊपर से घास एवं मालवा इकट्ठा करवाया गया एवं न्यू कॉलोनी नंबर दो कटारे वाली गली में पानी की बोरिंग का चैंबर की रिपेयरिंग करा कर नया चैंबर बनवाया गया एवं बोरिंग खराब होने पर नई बोरिंग मशीन डलवाई गई जिससे की लोगों को बोरिंग का पानी मिल सके स्टेट बैंक चौराहे के पास एक सीवर चैंबर ट्रैक द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिया गया था जिसे आज तुरंत ही सही करवाया गया नया चैंबर बनवाया गया वहीं बंद पड़ी स्टील लाइटों को भी चालू करवाया ।

## स्वच्छता की दिवाली 01 रूपये वाली अभियान प्रांरभ, वाहन किए रवाना

**ग्वालियर 13 अक्टूबर।** नगर निगम ग्वालियर द्वारा 13 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक चलाये जा रहे स्वच्छता की दिवाली 01 रूपये वाली अभियान आज प्रारंभ किया गया। जिसमें महापौर डॉ. शोभा सतीश सिंह सिकरवार, निगमायुक्त श्री संघ प्रिय ने हरी झण्डी दिखाकर विधानसभा वार वाहनों को रवाना किया। इस अवसर पर अपर आयुक्त श्री टी प्रतीक राव, उपायुक्त श्री अमर सत्य गुप्ता, सीएचओ डॉ. वैभव श्रीवास्तव, नोडल अधिकारी आईईसी श्री मुकेश बंसल, सहायक नोडल अधिकारी श्री शैलेन्द्र सक्सेना सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

बाल भवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जीनियस इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के बच्चों द्वारा चैरिटी के माध्यम से यूज्ड किताबें, बैग, पानी बोतल एवं लंच बॉक्स आदि एकत्रित कर अभियान के प्रारंभ अवसर पर आईईसी की टीम को प्रदान किए।

इस अभियान के तहत लोगों के घरों से निकलने वाले अनुपयोगी सामान को एकत्रित करने के लिए चार वाहनों को रवाना किया गया। प्रत्येक विधानसभा को एक-एक सेकेण्डरी वाहन दिया गया है। यह वाहन आमजनों के घरों से दीपावली की सफाई के दौरान निकलने वाले पुराने गद्दे, जूते, इलेक्ट्रॉनिक आइटम, किताबें, पेपर, कपड़े, प्लास्टिक के अनुपयोगी सामान को एकत्रित करेगा। इस सामान को रिपेयर कर एक रुपए में गरीबों को दिया जाएगा। एक व्यक्ति को अधिकतम पांच सामान दिए जाएंगे। नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय ने आने वाले सामान, उनकी रिपेयरिंग एवं गरीबों द्वारा लिए जाने वाले सामान का रिकॉर्ड रखने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं।

दीपावली पर आमजनों के घरों से निकलने वाले अनुपयोगी सामान को एकत्रित कर एनयूएलएम की महिला सदस्यों से इन सामान की रिपेयरिंग कराई जाएगी। इस सामान को आरआरआर सेंटर के माध्यम से जरूरतमंदों तक पहुंचाया जाएगा। जरूरतमंदों को यह सामान 1 रुपए में नगर निगम द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा। इस सामान को एकत्रित कर मछलीघर स्थित आरआरआर सेंटर पर एकत्रित किया जाएगा। जिन नागरिकों के यहां यदि वाहन उनके समय अनुसार न पहुंच पाये तो वह अपनी सामग्री नजदीकी क्षेत्रीय कार्यालय एंव फूलबाग स्थित मछलीघर पर जमा करा सकते हैं।


### ई-निविदा आमंत्रण सूचना का प्रारूप
मध्यप्रदेश शासन
नगर पालिक निगम, ग्वालियर

Ro क्र. 662 दिनांक 13/10/25 — दिनांक 13/10/2025

**निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://gmc.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्र./ जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_UAD_456898_1 10.10.2025 | वार्ड 43 सी.सी. रोड व नाली, पाईप मरम्मत कार्य मोहन सिंह का बाड़ा, बालाबाई का बाजार, श्रीराम धर्मशाला गुलाब मार्केट (वार्ड समिति निधि) | 02 माह 6,64,915/- | 2000 6649/- | 27.10.2025 |
| 2. | 2025_UAD_456908_1 10.10.2025 | वार्ड 34 सी.सी. रोड व नाली निर्माण कार्य भारत टॉकीज मैन रोड से कमलसिंह का बाग होटल सिटी प्लाजा वाली गली। | 02 माह 12,49,656/- | 2000 9372/- | 11.11.2025 |
| 3. | 2025_UAD_456919_1 10.10.2025 | वार्ड-49 सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण कार्य मौहोम्मद राईन हाउस से राजकुमार हाउस तक तथा सागर किराना स्टोर से पुरोहित हाउस एवं ब्रजकिशोर हाउस समाधिया कॉलोनी ए ब्लॉक तक (मौलिक निधि) | 03 माह 12,18,050/- | 2000 9136/- | 11.11.2025 |
| 4. | 2025_UAD_456884_1 10.10.2025 | वार्ड-34 सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण कार्य लाल खान का बाड़ा स्वर्ण रेखा नाला, फालका बाजार, अशोक मौहल्ला एवं शर्मा वाली गली, समीर गोखले हॉस्पीटल वाली गली (मौलिक निधि)। | 02 माह 3,84,227/- | 2000 3842/- | 27.10.2025 |

नोटः-निविदा संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://gmc.mptenders.gov.in की बेवसाईट पर ही किया जावेगा. पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा.

कार्यपालन यंत्री
नगर निगम ग्वालियर

### कार्यालय नगर परिषद मालनपुर जिला भिण्ड (म.प्र.)
mail id -cmomalanpur@mpurban.gov.in

क्रमांक/ई-टेण्डर/निर्माण/2025/1724 — मालनपुर, दिनांक 13/10/25

**ऑनलाईन निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत एजेंसी एवं ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https: www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_UAD_456337_1 | लाईट सामग्री क्रय करने वावत। | 1. 06 माह 2. 25.00 लाख | 1. 5000/- 2. 25000/- | 08.11.2025 |

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https: www.mptenders.gov.in की बेबसाईड पर ही किया जावेगा, प्रथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा।

**श्रीमती रायश्री मुकेश किरार**
**अध्यक्ष**
**नगर परिषद मालनपुर भिण्ड**

**श्री सैयद रेहान अली जैदी**
**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद मालनपुर भिण्ड**

### कब्जा नोटिस

जबकि, **जन स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड** के प्राधिकृत अधिकारी ने वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 की धारा 13 (2) के साथ नियम 3 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उधारकर्ता/सह-उधारकताओं को मांग नोटिस जारी किए हैं, जिसमें उधारकताओं से अनुरोध किया गया है कि वे संबंधित नामों के समक्ष उल्लिखित राशि को, उक्त नोटिस की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर, उक्त नोटिस में उल्लिखित लागू दरों पर ब्याज सहित, और भुगतान और/या वसूली की तिथि तक किए गए भावी आकस्मिक व्यय, लागत, शुल्क आदि सहित चुका दें।

| क्र. सं. | ऋण संख्या | उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/ गारंटर/बंधककर्ता | 13(2) नोटिस दिनांक/ बकाया राशि (रुपये में) | दिनांक/समय और कब्जे का प्रकार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 45519420003652 | 1) श्री रघुराज सिंह, पुत्र सिताब सिंह, 2) श्रीमती कस्तूरी, पत्नि सिताब सिंह, 3) श्री सिताव सिंह, पुत्र. मौजीराम | 17.07.2025, रू. 4,70,711.93 (चार लाख सत्तर हजार सात एक सौ ग्यारह तिरानवे पैसे मात्र) 13.07.2025 तक | दिनांकः 09.10.2025 समयः सुबह 11.58 बजे प्रतीकात्मक कब्जा |
| | **सुरक्षित संपत्तियों का विवरणः** सर्वेक्षण संख्या 393/1/1 और 398 के अंतर्गत आने वाली भूमि का वह पूरा टुकड़ा, जिसका कुल क्षेत्रफल 900 वर्ग फुट (83.64 वर्ग मीटर) है, और उस पर निर्माण सहित, वार्ड संख्या 01, पमया रोड, पंडित नेहरू स्कूल के पीछे, बानमोर, ग्राम पमया, नगर पंचायत बानमोर, तहसील बानमोर, जिला मुरैना (मध्य प्रदेश) की सीमा के भीतर स्थित है। पूर्व में 20 फुट चौड़ी सड़क, पश्चिम में नारायण सिंह की कृषि भूमि, उत्तर में विक्रेता की भूमि और दक्षिण में विक्रेता की भूमि से घिरा है। | | | |
| 2 | 45519420006391 & 45519420007266 | 1) श्री नरेंद्र सिंह, पुत्र सुमेर सिंह, 2) श्रीमती कस्तूरी, पत्नि सुमेरा | 19.07.2025, रू. 14,02,877.36 (चौदह लाख दो हजार आठ सौ सतत्तर और छत्तीस पैसे मात्र)13.07.2025 तक | दिनांकः 09.10.2025 समयः दोपहर 12.55 बजे प्रतीकात्मक कब्जा |
| | **सुरक्षित संपत्तियों का विवरणः** भूखंड संख्या 34 का भाग और संपूर्ण भूखंड संख्या 35, कुल क्षेत्रफल 900 वर्ग फुट (83.64 वर्ग मीटर), भूमि सर्वेक्षण संख्या 18/1/1 का भाग, वार्ड संख्या 64, देव महिमा रेजीडेंसी के पास, फेज-2, ग्राम पुरानी छावनी, नगर निगम ग्वालियर, परगना एवं जिला ग्वालियर (मध्य प्रदेश) की सीमा के भीतर स्थित, भूमि का वह समस्त टुकड़ा और टुकड़ा, पूर्व में 20 फीट चौड़ी आम सड़क, पश्चिम में अन्य की संपत्ति, उत्तर में अन्य की संपत्ति और दक्षिण में भूखंड संख्या 34 का भाग। | | | |
| 3 | 45519420002455 45519420004027 & 45519410001334 | 1) श्री गौतम, पुत्र. कमल किशोर, 2) श्रीमती शशि, पत्नीगौतम, 3) श्रीमती राम बाई, पत्नि कमल किशोर | 21.07.2025, 6,98,516.58 (छह लाख अन्ठानवे हजार पाँच सौ सोलह और अठ्ठावन पैसे मात्र) 13.07.2025 तक | दिनांकः 09.10.2025 समयः सुबह 11:19 प्रतीकात्मक कब्जा |
| | **सुरक्षित संपत्तियों का विवरणः** प्लॉट संख्या 20 का वह पूरा टुकड़ा, जिसका कुल क्षेत्रफल 1000 वर्ग फुट (92.93 वर्ग मीटर) है, और उस पर निर्माण कार्य भी शामिल है। यह सर्वे संख्या 839 और 840 का हिस्सा है। यह वार्ड संख्या 63 में है। यह ग्राम मालनपुर, परगना और जिला ग्वालियर (मध्य प्रदेश) में स्थित है। पूर्व में 20 फुट चौड़ी सड़क, पश्चिम में अन्य की संपत्ति, उत्तर में विक्रेता का प्लॉट और दक्षिण में अन्य का प्लॉट है। | | | |
| 4 | 45519420008408 & 45519420008128 | 1) श्री तिलक सिंह, पुत्र दामोदर सिंह, 2) श्रीमती गीता बाई, पत्नी तिलक सिंह | 18.07.2025, रू. 14,59,902.05 (चौदह लाख उनसठ हजार नौ सौ दो और पाँच पैसे मात्र) 13.07.2025 तक | दिनांकः 09.10.2025 समयः दोपहर 12.10 बजे भौतिक कब्जा |
| | **सुरक्षित संपत्तियों का विवरणः** भूमि सर्वेक्षण संख्या 358/1 का वह पूरा टुकड़ा, जिसका कुल क्षेत्रफल 900 वर्ग फुट (83.64 वर्ग मीटर) है, और उस पर निर्माण सहित, वार्ड संख्या 01, मौजा पमैया गाँव में, नगर पंचायत बानमोर, तहसील बानमोर और जिला मुरैना (मध्य प्रदेश) की सीमा के भीतर स्थित है। पूर्व में बिजलीघर की भूमि, पश्चिम में 20 फुट चौड़ी सड़क, उत्तर में रामदुलारी का प्लॉट और दक्षिण में हाकिम सिंह का प्लॉट। | | | |
| 5 | 45519430000567 & 45519430000732 | 1) श्री अखलेश गुप्ता पुत्र बाबू लाल गुप्ता, 2) श्रीमती रचना गुप्ता, पत्नी अखलेश गुप्ता | 19.07.2025, रू. 44,39,315.65 (चवालीस लाख उनचालीस हजार तीन सौ पंद्रह और पैंसठ पैसे मात्र) 13.07.2025 तक | दिनांकः 10.10.2025 समयः दोपहर 02.04 बजे प्रतीकात्मक कब्जा |
| | **सुरक्षित संपत्तियों का विवरणः** भूमि सर्वेक्षण संख्या 282/1/मिन-6, 282/3/मिन-6 का वह समस्त टुकड़ा, जिसका कुल क्षेत्रफल 1000 वर्ग फुट (93.02 वर्ग मीटर) है, वार्ड क्रमांक 11, दीदार कॉलोनी, ग्राम बुजुर्ग, पीएच क्रमांक 58 में, नगर पालिका डबरा, आर.एन.एम. 02, तहसील डबरा एवं जिला ग्वालियर (मध्य प्रदेश) की सीमा के भीतर स्थित है। पूर्व में निगोटी की भूमि, पश्चिम में विक्रेता की भूमि, उत्तर में आम सड़क और दक्षिण में विक्रेता की भूमि से घिरा है। | | | |
| 6 | 45519420002191 & 45519430001981 | 1) श्री रवि कुशवाह, पुत्र नवल सिंह, 2) श्रीमती मनीषा कुशवाह, पत्नी रवि कुशवाह | 19.07.2025, रू. 14,68,596.07 (चौदह लाख अड़सठ हजार पाँच सौ छियानवे और सात पैसे मात्र) 13.07.2025 तक | दिनांकः 10.10.2025 समयः दोपहर 01.40 बजे प्रतीकात्मक कब्जा |
| | **सुरक्षित संपत्तियों का विवरणः** भूमि सर्वेक्षण संख्या 449 का वह पूरा टुकड़ा, जिसका कुल क्षेत्रफल 600 वर्ग फुट (55.81 वर्ग मीटर) है, और उस पर निर्माण सहित, वार्ड संख्या 03, बघेल मोहल्ला (अयोध्या कॉलोनी), पी.एच. संख्या 56, ग्राम डबरा, नगर पालिका डबरा, तहसील डबरा और जिला ग्वालियर (मध्य प्रदेश) की सीमा के भीतर स्थित है। पूर्व मेंः राम कुमार शर्मा का मकान, पश्चिम मेंः साहू का प्लॉट, उत्तर मेंः 20 फुट चौड़ी सड़क और दक्षिण मेंः राजेश का प्लॉट। | | | |

चूंकि, ऊपर उल्लिखित उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता देय राशि का भुगतान करने में विफल रहे हैं, इसलिए विशेष रूप से ऊपर उल्लिखित उधारकताओं और आम जनता को सूचित किया जाता है कि जन लघु वित्त बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उपरोक्त वर्णित संपत्तियों/सुरक्षित परिसंपत्तियों को उक्त नियमों के नियम 8 के साथ उपरोक्त तिथियों पर अपने कब्जे में ले लिया है। विशेष रूप से ऊपर उल्लिखित उधारकताओं/सह-उधारकताओं/गारंटर/बंधककताओं और आम जनता को एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि वे उपरोक्त संपत्तियों/सुरक्षित परिसंपत्तियों से संबंधित कोई भी लेन-देन न करें और उक्त संपत्तियों/सुरक्षित परिसंपत्तियों से संबंधित कोई भी लेन-देन **जन स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड** के प्रभार के अधीन होगा।

स्थानः ग्वालियर
दिनांकः 14.10.2025

एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी,
जन स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के लिए

**JANA SMALL FINANCE BANK** (A Scheduled Commercial Bank)

पंजीकृत कार्यालयः द फेयरवे, भूतल एवं प्रथम तल, सर्वेक्षण संख्या 10/1, 11/2 एवं 12/2बी, डोम्लुर के पास, कोरमंगला इनर रिंग रोड, ईजीएल बिजनेस पार्क के बगल में, चल्लघट्टा, बेंगलुरु-560071। शाखा कार्यालयः प्लॉट संख्या 131/01, भूतल, एमपी नगर जोन-2, भोपाल (मध्य प्रदेश)-462011।

### मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम
कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्र. 01, ग्वालियर (म.प्र.)

**प्रेस विज्ञप्ति**

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम, संभाग क्र.01, ग्वालियर द्वारा निविदा क्रमांक 17/2025-26 (ऑनलाइन निविदा क्रमांक- 2025_MPPHC_456941_1, 2025_MPPHC_456979_1, 2025_MPPHC_457059_1, 2025_MPPHC_457089_1, 2025_MPPHC_457100_1) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 22.10.2025 तक** ऑनलाइन खरीदे जा सकते हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण Portal : **https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/122502/2025 — **परियोजना यंत्री**

### M.P. MADHYA KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.
(Government of M.P. Undertaking)
Office of General Manager (O&M) Circle, Narmadapuram
Phone No. : 07574- 255594, Fax No. : 07574-256180

No. GM/O&M/Pur/4770 — Narmadapuram, Dated : 13.10.2025

**NOTICE INVITING E-TENDERS (TS NO-14)**

E-Tender are invited from the eligible bidders for carrying out the following works.

| Name of Works | App.Value of Tender (In Lakhs) including GST | EMD Fee Rs. | Tender Fee (Rs.) | Date of Sale Tender Documents | Date of Opening Tender Documents |
|---|---|---|---|---|---|
| Bifurcation of 33 KV Line from 33 KV Old Bankhedi feeder To Old Bankhedi Under Bankhedi D/c of O&M Division Pipariya | 63.53 Lakh | 100000/- | (5900/- with 18% GST) | 14.10.25, 18:30 Hrs. up to 28.10.25, 15.00 Hrs. | 29.10.2025 at 15:30 Hrs. |

Other details, terms and conditions are available on company website : **https://portal.mpcz.in** & **https://mptenders.gov.in** or the under signed office.

M.P. Madhyam/122509/2025 — **GM (O&M) NARMADAPURAM**

